वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 26 अक्टूबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

स्वतंत्र एकता जागरण

पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए पीयू टीम रवाना

स्वतंत्र एकता जागरण



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा, "खेल केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें।"

पुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

इस अवसर पर खेलकूद प्रभारी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।


दैनिक जागरण

प्रतियोगिता के लिए पुरुष कबड्डी टीम रवाना

जागरण संवाददाता, मल्हनी पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए एडमास विश्वविद्यालय कोलकाता के लिए को रवाना हो गई। विश्वविद्यालय परिसर से कुलपति प्रो. आरके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए गंतव्य के लिए रवाना किया। पूर्व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि खेल के मैदान पर सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन, प्रयास और सच्ची खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आह्वान किया कि वे प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास, ऊर्जा और एकजुटता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण से छूटे छात्रों को अंतिम मौका

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक व परास्नातक के जिन छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण छूट गया था, उन्हें अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का अंतिम अवसर दिया गया है। ऐसे सभी छात्रों को रजिस्ट्रेशन, कोर्स सेलेक्शन व एडमिशन ग्रांट समेत सभी औपचारिकताएं सोमवार तक पूरी करनी होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा के बाद किसी भी स्थिति में समर्थ पोर्टल पर तिथियों का विस्तार नहीं किया जाएगा और न ही कोई अतिरिक्त अवसर दिया जाएगा। विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया था कि किन्हीं कारणों से कई छात्रों का समर्थ पोर्टल पर समय से पंजीकरण नहीं हो सका है।



अमर उजाला

पूविवि : सेमेस्टर परीक्षाएं 14 नवंबर से होंगी

जौनपुर। पूविवि ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की सेमेस्टर परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 14 नवंबर से शुरू होंगी। छात्र 31 अक्तूबर तक परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकेंगे।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कैलेंडर में परीक्षा फॉर्म भरने, उनके सत्यापन और मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित की गई हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और संबंधित विभागों को निर्धारित समय के भीतर परीक्षा फॉर्म के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि छात्र परीक्षा फॉर्म भरने की निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखें और अपने पाठ्यक्रम से संबंधित परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से कर सकते हैं। संवाद

संवेदनशील पॉइंट खोजने में उपयोगी है सेंट्रलिटी मेजर

जौनपुर। पूविवि के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। बताया कि सेंट्रलिटी मेजर का उपयोग बैंकिंग फ्रॉड का पता लगाने, बिजली ग्रिड में सबसे संवेदनशील पॉइंट को खोजने आदि में उपयोग होता है।

मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के एसोसिएट प्रो. डॉ. ऋषि रंजन सिंह ने सेंट्रलिटी मेजर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि सेंट्रलिटी मेजर नेटवर्क साइंस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो किसी भी नेटवर्क में सबसे महत्वपूर्ण नोड की पहचान करने में मदद करता है।

बैंकिंग फ्रॉड का पता लगाने और बिजली ग्रिड में सबसे संवेदनशील पॉइंट को खोजने में भी इसका उपयोग होता है। कुलपति प्रो. आरके सिंह की प्रेरणा और संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, डॉ. विक्रांत भटेजा के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सौरभ पाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि डॉ. ऋषि रंजन सिंह का स्वागत किया। संवाद

अमर उजाला

कोलकाता के लिए रवाना हुई वॉलीबॉल टीम

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबॉल टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता 2026-27 में प्रतिभाग करने के लिए रविवार को कोलकाता के लिए रवाना हुई। यहां आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आदमास विश्वविद्यालय के लिए रवाना हुई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बनने की शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभा को निखारने और अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास विकसित करने का बेहतर माध्यम हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी मेहनत और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। पुरुष वॉलीबॉल टीम के मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा कोच दिलीप कुमार के नेतृत्व में टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुई।

हिंदुस्तान

वालीबाल प्रतियोगिता के लिए पीयू की टीम रवाना

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता 2026-27 में प्रतिभाग करने के लिए रविवार को कोलकाता रवाना हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने खिलाड़ियों को शुभकमानाएं दीं।

आज का परिणाम

अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना



ब्यूरो आज का परिणाम/जौनपुर। पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर–विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा, "खेल केवल जीत–हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें।"पुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर–विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

लोकभारती

अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

जौनपुर। पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का



आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा, 卐खेल केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें।卐पुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए पीयू टीम रवाना

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष वालीबाल टीम के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।



अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं।

कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा, 'खेल केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें।'

पुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर खेलकूद प्रभारी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

NIP

PU Volleyball Team Leaves for East Zone Inter-University Championship



Staff Reporter

Jaunpur: The men's volleyball team of Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, departed for Adamas University in Kolkata, West Bengal, to participate in the All India East Zone Inter-University Men's Volleyball Championship 2026–27.

Vice-Chancellor Prof. R.K. Singh flagged off the team and encouraged the players ahead of the competition. Addressing the players, Prof. Singh said, "Sports are not merely about winning or losing; they are also a means of developing discipline, self-control, team spirit and character. Our players should demonstrate their full potential in the competition and bring glory to the university." Dr Satya Prakash Singh will serve as the team manager, while Dilip Kumar will be the team coach.

Radheyshyam Singh (Munna), Sports Assistant Rajnish Singh, Dr Rajesh Singh, Jitendra Pandey and others were present on the occasion.

परफेक्ट मिशन

पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए पीयू टीम रवाना

परफेक्ट मिशन



मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई।

टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा, 'खेल केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें।' पुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर खेलकूद प्रभारी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

कौटिल्य का भारत

पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए पीयू टीम रवाना

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष वालीबाल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 में प्रतिभाग हेतु आज अडमास विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई। टीम को विदाई देते समय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने टीम को बेहतर प्रदर्शन एवं विजय की शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा, "खेल केवल जीत-हार का नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, टीम भावना और चरित्र निर्माण का माध्यम है। हमारे खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करें और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें।" पुरुष वालीबाल टीम के टीम मैनेजर डॉ. सत्य प्रकाश सिंह तथा टीम कोच दिलीप कुमार हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद नियमित रूप से अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर खेलकूद प्रभारी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह (मुन्ना), खेल सहायक रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।